सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-402**

19/09/2016

मुख्यमंत्री ने मधुबनी में बस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया

पटना, 19 सितम्बर 2016 :– आज मधुबनी से सीतामढ़ी जा रही बस बेनीपट्टी के बसईठा के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। प्राथमिक जानकारी के अनुसार इस दुर्घटना में कई लोगों के हताहत होने की आशंका है। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मधुबनी बस दुर्घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह घटना काफी दुखद है। घटना के कारणों को देखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री श्री मदन मोहन झा एवं पंचायती राज मंत्री श्री कपिलदेव कामत को घटनास्थल पर जाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने दरभंगा के प्रमण्डलीय आयुक्त एवं आई0जी0 को भी घटनास्थल पर पहुॅचने का भी निर्देश दिया गया है। मुख्यमंत्री ने मधुबनी के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया है। राहत एवं बचाव कार्य के लिये एस0डी0आर0एफ0 की टीम घटनास्थल पर पहुॅच चुकी है तथा एन0डी0आर0एफ0 की टीम घटनास्थल पर पहुॅचने वाली है। मधुबनी बस दुर्घटना में हताहत होने वाले लोगों को हरसंभव सहायता देने का निर्देश दिया गया है। साथ ही घटना में मृत लोगों के निकटतम परिजनों को अनुग्रह अनुदान देने का भी निर्देश दिया गया है।

****